आकाशवाणी केन्द्र शिमला

18.03.2024/प्रादेशिक समाचार/1945बजे

मुख्य समाचार

- प्रदेश कांग्रेस के 6 बागी विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से नहीं मिली राहत– अदालत ने विधायकों की अयोग्यता को रखा बरकरार।
- लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने हिमाचल सहित छह राज्यों के गृह सचिवों को हटाया।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का लगाया आरोप– चुनाव आयोग से कार्रवाई की मांग।
- संस्कृति को अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ने में जुटे मण्डी ज़िले के कर्ण सिंह– गोबर आधारित उत्पाद बनाकर गौ माता के संरक्षण का दे रहे संदेश।

बागी विधायक

प्रदेश कांग्रेस के 6 बागी विधायकों की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उनकी अयोग्यता को बरकरार रखा है। अदालत ने विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विधायकों को अयोग्य ठहराने के आदेश पर रोक लगाने और इन विधायकों को वोट देने या सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। बागी विधायकों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में राहत पाने के लिए दायर याचिका की आज सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने संबंधित प्रतिवादियों को नोटिस भी जारी किया है। मामले की अगली सुनवाई 6 मई को होगी। उल्लेखनीय है कि विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने व्हिप का उल्लंघन करने पर कांग्रेस के 6 विधायकों, सुधीर शर्मा, राजेन्द्र राणा, इंद्रदत्त लखनपाल, रवि ठाकुर, देवेन्द्र भुट्टो और चैतन्य शर्मा की सदस्यता रद्द कर दी थी। व्हिप जारी होन के बावजूद ये विधायक सदन में बजट पारित होने के दौरान उपस्थित नहीं हुए थे जिसके चलते विधानसभा अध्यक्ष ने इन पर कार्रवाई की थी।

चुनाव आयोग

लोकसभा चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग ने छह राज्यों के गृह सचिवों और पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक को हटा दिया है। सूत्रों ने बताया है कि गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के गृह सचिव को हटाया गया है। मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक प्रभाग के सचिवों का भी तबादला कर दिया गया है। इस बीच, चुनाव आयोग के आदेशों के बाद आई.ए.एस. अधिकारी अभिषेक जैन से गृह और विजिलेंस विभाग वापस ले लिए हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार हिमाचल को आत्मनिर्भर बनाने और वर्ष 2032 तक इसे देश का सबसे समृद्ध प्रदेश बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। आज नई दिल्ली में पत्रकारों के साथ अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस पार्टी ने जनता के साथ जो वायदे किए थे, सरकार उनको पूरा करने के लिए प्राथमिकता से काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार आय के

अतिरिक्त संसाधन जुटाने और युवाओं के लिए रोज़गार व स्वरोज़गार के साधन सृजित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

प्रिविलेज कमेटी

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सदन से निलंबित हुए भाजपा के नौ विधायक प्रिविलेज कमेटी के नोटिस पर आज विधानसभा में पेश हुए। इस दौरान भाजपा विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने कहा कि बीते बजट सत्र के दौरान सदन की अवमानना के लिए विभिन्न धाराओं में भाजपा विधायकों को प्रिविलेज कमेटी ने नोटिस दिए थे जिस पर आज उन्होंने अपना जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि नोटिस में जो भी उनसे पूछा गया था उस पर उन्होंने विस्तृत रूप से नियमों के अनुसार अपना पक्ष विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष रख दिया है। विपिन सिंह परमार ने कहा कि सदन विधानसभा के निर्देशों के अनुसार चलता है और वे अध्यक्ष का मान–सम्मान करते हैं ऐसे में अब विधानसभा अध्यक्ष के फैसले का इंतजार है।

आबकारी विभाग

प्रदेश में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है और ऐसे में राज्य कर व आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब पर रोक और मतदाताओं को लुभाने के प्रयासों पर रोकथाम के लिए व्यापक अभियान शुरू किया गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 22 अंतर्राज्यीय नाके व 59 मोबाईल टीमों का गठन किया गया है। विभाग की विभिन्न टीमों ने सीमावर्ती क्षेत्रों, और प्रदेश के भीतर अवैध शराब का कारोबार करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए तैयारी की गई है। सभी गठित टीमों को चौबीसों घंटे कार्रवाई के लिए चौकन्ना रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अवैध शराब और कर चोरी के मामलो में जीरो टॉलरेंस की नीति सुनिश्चित की जा सके। राज्य कर व आबकारी विभाग के आयुक्त युनुस ने बताया कि अवैध शराब के विरूद्व इस तरह की कार्रवाई प्रदेश भर में की जा रही है ताकि शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाया जा सके।

शराब बरामद

इस बीच, राज्य कर व आबकारी आयुक्त युनुस ने आज शिमला में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर आज ऊना स्थित एक बॉटलिंग प्लांट के निरीक्षण के दौरान शराब से भरे ट्रक को जब्त किया है। इस ट्रक में शराब की 4 सौ 74 पेटियां पाई गई हैं। युनुस ने बताया कि बॉटलिंग प्लांट के निरीक्षण के दौरान भी अनियमितताएं पाई गईं जिसके बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए प्लांट को सील कर दिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी प्रदेश की मातृशक्ति को ठगने का प्रयास कर रही है। मण्डी से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान भी कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के फोटो लगे फार्म प्रदेश की महिलाओं से भरवाए जा रहे हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि भाजपा के लीगल सैल ने इसे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए चुनाव आयोग से तत्काल प्रभाव से महिलाओं से फार्म भरवाने पर रोक लगाने की मांग की है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा

कि कांग्रेस द्वारा खुलेआम आचार संहिता का उल्लंघन किया जा रहा है और चुनाव से ठीक पहले बिना बजट के प्रदेश सरकार द्वारा इस योजना की शुरूआत की गई। जयराम ठाकुर ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों व योजनाओं पर हिमाचल की जनता वोट करेगी।

## कर्णधार

मंडी जिला के कोटली उपमंडल के तहत चलोह गांव के निवासी कर्ण सिंह अपनी संस्कृति को अर्थव्यवस्था के साथ जोड़ने वाले कर्णधार का काम कर रहे हैं। उन्होंने प्रदेश का पहला ऐसा लघु उद्योग शुरू किया है जहां केवल गाय के गोबर से ही सभी प्रकार के उत्पाद बनाए जाते हैं। मंडी में चल रहे सरस मेले में कर्ण सिंह ने अपने इन उत्पादों को प्रदर्शनी व बिक्री के लिए रखा है जो लोगों के आकषर्ण का केंद्र बने हुए हैं। वर्ष 2020 में गाय के गोबर से उत्पाद बनाने का कार्य शुरू कर कर्ण सिंह ने अब स्थानीय स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी अपने साथ जोड़कर इस काम को आगे बढ़ाया है। कर्ण सिंह ग्रामीणों से 5 रूपए प्रति किलो की दर से गोबर खरीद कर उसके 25 तरह के उत्पाद बनाते हैं। इन उत्पादों में दीपक, चप्पल, नेम प्लेट, लोगो, मोमेंटो, भगवान की मूर्तियां, आकृतियां, ईंट, टाईल्स और गमले शामिल हैं। कर्ण सिंह ने लोगों से प्लास्टिक और कैमिकल युक्त हानिकारक उत्पादों का प्रयोग न करते हुए इन उत्पादों का इस्तेमाल करने की लोंगो से अपील की है जिससे गौमाता का संरक्षण भी होगा और वातावरण भी शुद्ध रहेगा।

## बैठक

सिरमौर के उपायुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा ने लोकसभा चुनाव–2024 के लिए नियुक्त जिले के सभी नोडल अधिकारियों से अपने दायित्व का निर्वहन पूरी जिम्मेवारी से करने का आह्वान किया है ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष, स्वतंत्र व पारदर्शी बनाया जा सके। वे आज नाहन में लोकसभा चुनाव के दष्टिगत नियुक्त नोडल अधिकारियों की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी आपसी तालमेल से कार्य करें और निर्वाचन कार्यो को सफलतापूर्वक निष्पादित करें। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों पर भी कड़ी नजर बनाए रखने को कहा।

## कार्यशाला

प्रदेश के स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर मंथन को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला आज शिमला में शुरू हुई। कार्यशाला का शुभारम्भ शिक्षा विभाग के सचिव राकेश कंवर ने किया। कार्यशाला में व्यावसायिक शिक्षा की चुनौतियों के साथ ही पर्यटन व आतिथ्य, दूरसंचार, स्वास्थ्य, ऑटोमोबाइल, कृषि और प्राइवेट सिक्योरिटी क्षेत्रों में संभावनाओं पर मंथन किया जा रहा है। राज्य समग्र शिक्षा परियोजना के निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश के एक हज़ार 2 सौ 74 सीनियर सैकंडरी स्कूलों के करीब 95 हज़ार विद्यार्थियों को 16 ट्रेड में प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वोकेशनल ट्रेनिंग से ये विद्यार्थी बारहवीं कक्षा के बाद आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे। राजेश शर्मा ने कहा कि बेरोज़गारी का सामना करने के लिए वोकेशनल ट्रेनिंग बेहद आवश्यक है और इसी उद्देश्य से कार्यशाला में पाठ्यक्रम तैयार करने संबंधी विषयों पर मंथन कर इसे सरकार के समक्ष रखा जाएगा। कार्यशाला में 50 से अधिक प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।